<u>कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ</u>

संख्या–एम0ई0–3/2023/2876 लखनऊःदिनांक 08, दिसम्बर 2023

नीट पी0जी0 2020 (एम0डी0/एम0एस0) बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारिणी

शासनादेश संख्या–950/71–2–82/2017 दिनांक 07 मार्च 2018 में निहित निर्देशों के कम में नीट पी0जी0 2020 (एम0डी0/एम0एस0) बैच की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को उनकी ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारणी निम्नवत् हैः–

कंस	विवरण	तिथि	कुल दिवस
1	आनॅलाईन पंजीकरण की तिथि	दिनांक 11 दिसम्बर 2023 (सायं 5:00 बजे) से दिनांक 13 दिसम्बर 2023 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) तक	02 दिवस
2	ऑन लाइन अभिलेखो के सत्यापन की तिथि	दिनांक 11 दिसम्बर 2023 (सायं 5:00 बजे) से दिनांक 13 दिसम्बर 2023 (सायं 5:00 बजे) तक	02 दिवस
3	पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट का प्रकाशन	13 दिसम्बर 2023	01 दिवस
4	ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि	दिनांक 14 दिसम्बर 2023 से (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 15 दिसम्बर 2023 (सायं 5:00 बजे) तक	02 दिवस
6	सीट आंवटन का परिणाम घोषित करने की तिथि	दिनांक 16 दिसम्बर 2023	01 दिवस
7	आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा आवंटित कालेज में योगदान आख्या प्रस्तुत करने की तिथि	दिनांक 18 दिसम्बर 2023 से दिनांक 23 दिसम्बर 2023	06 दिवस

- ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को वेबसाईट **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** पर log-in करते हुए अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

- **नीट पी0जी0 2020 बैच (एम0डी0/एम0एस0) के समस्त अर्ह अभ्यर्थियों (पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के अभ्यर्थियों को छोडकर) को पंजीकरण कराते हुए काउंसिलिंग में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।**

- **काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को अपनी प्राथमिकता (Priority) के अनुसार समस्त विकल्प भरना अनिवार्य है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा समस्त विकल्प नहीं भरे जाते है तथा उनके द्वारा दिये गये सीमित विकल्पों के आधार पर आवंटन प्राप्त नहीं होता है, ऐसे अभ्यर्थियों को जनहित में प्रदेश के किसी भी मेडिकल कालेज/संस्थान/चिकित्सा विश्वविद्यालय में तैनात कर दिया जायेगा।**

- **पल्मोनरी एण्ड किटिकल केयर मेडिसिन विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ में सीनियर रेजीडेण्ट की रिक्त सीटों पर जनरल मेडिसिन एवं रेस्पिटरेटरी मेडिसिन विशिष्टता के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर आवंटन प्रदान किया जायेगा। आवंटन प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पल्मोनरी एण्ड किटिकल केयर मेडिसिन विभाग के सीनियर रेजीडेण्ट का अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इस तथ्य को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित विशिष्टता के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग करना सुनिचित करें।**

- अद्यतन सूचनाओं हेतु वेबसाइट www.dgme.up.gov.in एवं **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

<u>Help Line Number: 8189011696, 8189011697</u>

कृते महानिदेशक।